प्रतिवेदन

श्रीनगर के अनुसूचित जाति उपयोजना इन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा
परियोजना का नाम :– मुछियाली–चराकोट मोटर मार्ग से कमरगढ़ होते हुये देहलचौंरी तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। (लम्बाई 4.500 किमी0)

जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड पोखड़ा के अन्तर्गत मुछियाली–चराकोट मोटर मार्ग से कमरगढ़ होते हुये देहलचौंरी तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य प्रथम चरण की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 5921 / ।।।(2) / 11–105(प्रा0आ0) / 2011 दिनांक 24 / 12 / 2011 के द्वारा लम्बाई 5.000 किमी0 ₹63.00 लाख (प्रथम चरण) की प्राप्त है। विषयगत मोटर मार्ग पूर्व निर्मित चराकोट–पंचुर–कमरगढ़ मोटर मार्ग के अन्तिम भाग से प्रारम्भ होकर ग्राम कमरगढ़ तथा देल होते हुये देहलचौंरी बाजार तक 4.500 किमी0 लम्बाई में प्रस्तावित है। ग्राम पंचुर, देल, कमरगढ़ व टपराड़ी आदि गावों का मुख्य बाजार देहलचौंरी है तथा इसी स्थान पर इन्टर कालेज देहलचौंरी एवं देहलचौंरी से लगभग 2.00 किमी0 दूरी पर प्राथमिक स्वाथ्य केन्द्र भी स्थित है। इस मार्ग के निर्माण से जहां एक ओर पंचुर, कमरगढ़ व देल ग्राम की जनता को मोटर मार्ग से जुड़ने की सुविधा प्राप्त होगी वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र के समस्त ग्रामों की जनता को तहसील मुख्यालय श्रीनगर, बेस चिकित्सालय तथा जनपद मुख्यालय पौड़ी तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रकार प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम देल, कमरगढ़ व पंचुर आदि ग्रामों का आर्थिक व सामाजिक विकास द्रुत गति से होगा। मार्ग निर्माण से क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के संरेखण में 1.190 हे0 सिविल भूमि प्रभावित हो रही है, जोकि मोटर मार्ग निर्माण हेतु भूमि की न्यूनतम आवश्यकता है। इस प्रकार कुल 1.190 हे0 सिविल भूमि की लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण किये जाने की आवश्यकता है। उपरोक्त के अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। मार्ग निर्माण में सिविल भूमि एवं वन भूमि में चीड़ प्रजाति के कुल 107 वृक्ष प्रभावित होंगे।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 पौड़ी

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग
पौड़ी गढ़वाल

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 पौड़ी